<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 30.04.2026 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- **राजधानी रांची समेत राज्यभर में कल से शुरू होगा जनगणना का पहला चरण, पन्द्रह मई तक नागरिक स्वयं अपने मोबाइल से दर्ज करा सकेंगे अपने मकान का ब्यौरा।**
- **क्यूएस रैंकिंग में शामिल होने वाला झारखंड का पहला संस्थान बना आईआईएम रांची, क्यूएस एक्जीक्यूटिव एमबीए रैंकिंग में पहली बार बनायी जगह।**
- **रांची में कल से तीन दिवसीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेले का होगा आगाज, ऑपरेशन सिंदूर की विजय गाथा पर स्कूली बच्चों की पेंटिंग होगी प्रदर्शित।**
- **कोडरमा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग को अपहरणकर्ताओं से कराया सकुशल मुक्त, तीन आरोपी गिरफ्तार।**
- **आगामी 17 से 21 जून तक रांची में 12वीं नेशनल रैंकिंग स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप' का आयोजन, झारखंड पहली बार कर रहा मेजबानी।**

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में कल से जनगणना का पहला चरण शुरू होगा। इस चरण में पन्द्रह मई तक नागरिक स्वयं अपने मोबाइल के माध्यम से अपने मकान सूचीकरण से संबंधित ब्यौरा ऑनलाइन अंकित कर सकेंगे। इसके बाद प्रगणक 16 मई से 14 जून तक मकानों की गणना करेंगे। जनगणना का दूसरा चरण अगले वर्ष नौ फरवररी से अट्ठाइस फरवरी तक चलेगा, जिसमें जनसंख्या की गणना होगी। जनगणना में जानकारी डिजिटल माध्यम से जुटाई जायेगी। इसके लिए 33 प्रश्नों को सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है। यह कार्य प्रगणकों द्वारा घर–घर जाकर किया जाएगा।

****

जनगणना 2027 के बारे में किसी भी जानकारी के लिए राष्ट्रीय टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है। मकान सूचीकरण और मकानों की गणना से जुड़े किसी भी सवाल के जवाब के लिए अपनी भाषा में 1855 पर डायल कर सकते हैं।

****

आईआईएम रांची ने पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्यूएस एग्जीक्यूटिव एमबीए रैंकिंग में जगह बनायी है। संस्थान के निदेशक प्रो0 दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आईआईएम रांची ने देश के अन्य आईआईएम के बीच चौथा स्थान अपने पहले प्रयास में हासिल करने में सफलता हासिल की है, जो कार्यकारी प्रबंधन शिक्षा में इसके बढ़ते कद को दर्शाता है।

****

राजधानी रांची में कल से तीन दिवसीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेले का आगाज हो रहा है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज रांची में प्रेसवार्ता में बताया कि मेले में ऑपरेशन सिंदूर की विजय गाथा पर आधारित स्कूली बच्चों द्वारा पेंटिंग की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

श्री सेठ ने बताया कि महोत्सव में झारखंड की लोक संस्कृति, कला और स्वदेशी उत्पादों का भव्य संगम देखने को मिलेगा।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। श्री मरांडी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि राज्य में अधिकारियों के तबादले अब सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक संगठित कारोबार का रूप ले चुके है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य का प्रशासन अब अधिकारियों नहीं, बल्कि दलालों की फौज के नियंत्रण में है।

****

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने जानकारी दी है कि राज्य का ऑनलाइन भूमि रिकॉर्ड पोर्टल झारभूमि वेबसाइट आज से पांच मई तक तकनीकी सुधार के कारण अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार इस दौरान सर्वर डाउन रहने के कारण पोर्टल से जुड़ी सभी सेवाएं बाधित रहेंगी। इसमें खासतौर पर म्यूटेशन सहित अन्य ऑनलाइन भूमि संबंधी कार्य नहीं हो सकेंगे।

****

पश्चिम एशिया संकट के बीच देश में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति सौ फीसदी सुनिश्चित कर दी गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज प्रेसवार्ता में बताया कि लगभग तिरानबे फीसदी सिलेंडर डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड प्रणाली के माध्यम से ही उपलब्ध कराये जा रहे हैं, जिससे पारदर्शिता और दक्षता दोनों में सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि तेल कंपनियों के कार्यकारी निदेशकों की तीन सदस्यीय समिति और राज्य सरकारों के समन्वय से व्यवसायिक एलपीजी की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

****

विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने जामताड़ा जिले के नाला प्रखंड मुख्यालय में आज आदिवासी ग्रामीणों के बीच पारंपरिक वाद्य यंत्रों का वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार पुरानी परंपराओं, सभ्यता संस्कृति, लोक कला, लोक नृत्य को बचाने और पुनर्जीवित करने की दिशा में सार्थक पहल कर रही है।

****

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के नेतृत्व में आज आदिनिवास की टीम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान टीम ने मुख्यमंत्री को आदिनिवास डिजिटल ऐप के अनावरण के लिए आमंत्रित किया। यह ऐप देशभर के आदिवासी युवाओं को एक साझा मंच पर जोड़ने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

****

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से आज ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों ने मुलाकात की। इस दौरान सामाजिक भेदभाव, रोजगार के सीमित अवसर और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर ट्रांसजेंडर समुदाय के कल्याण, सशक्तिकरण और मुख्यधारा में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए ठोस कदमों और नीतिगत पहल पर भी विचार–विमर्श किया गया।

****

कोडरमा पुलिस ने तिलैया थाना क्षेत्र से एक नाबालिग के अपहरण मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही पुलिस ने नाबालिग को सकुशल बरामद भी कर लिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशीश ने बताया कि नाबालिग के रिश्तेदार ही अपहरण की साजिश रची थी।

****

रांची में आगामी 17 से 21 जून तक '12वीं नेशनल रैंकिंग स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप' का आयोजन किया जाएगा, जिसकी मेजबानी पहली बार झारखंड कर रहा है। इसे लेकर रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के प्रतिनिधिमंडल ने विभागीय सचिव मुकेश कुमार से मुलाकात कर सहयोग और तैयारियों पर चर्चा की।

*****समाप्त*******